दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्षः- 05
अंकः- 107
मुरादाबाद
06 August 2025
(Wednesday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## NDA संसदीय दल की बैठकः रक्षा मंत्री ने PM मोदी को सम्मानित किया; पहलगाम – ऑपरेशन सिंदूर पर अहम प्रस्ताव पारित

जीएमसी बालयोगी सभागार एनडीए के सभी सांसद जमा हुए हैं। संसद के मानसून सत्र के दौरान ये पहला मौका है, जब सत्ताधारी गठबंधन के सभी दल बैठक के लिए पहुंचे हैं। एनडीए के नेताओं की बैठक में पीएम मोदी को ऑपरेशन सिंदूर के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही इस मौके पर सांसदों ने हर-हर महादेव का जयघोष भी किया। बैठक में सभी घटक दलों की तरफ से साझा प्रस्ताव भी पारित किया गया।ष्ट्रीय



जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल दलों के नेताओं ने आज संसदीय दल की बैठक के दौरान पीएम मोदी को सम्मानित किया। आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सभी लोगों की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सम्मानित किया। पीएम मोदी एनडीए के सभी सांसदों को संबोधित भी करेंगे। संसद के मानसून सत्र के दौरान एनडीए में शामिल दलों के नेताओं की इस पहली बैठक को बेहद अहम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए बैठक में अमित शाह की प्रशंसा करते हुए कहा, वह अब सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले केंद्रीय गृह मंत्री बन चुके हैं।बैठक में एक प्रस्ताव भी पारित किया गया- पहलगाम आतंकी हमले और इसके जवाब में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एनडीए की बैठक में प्रस्ताव भी पारित किया गया। इसमें एनडीए संसदीय दल ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'ऑपरेशन महादेव' के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण को सलाम किया। बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान-समर्थित आतंकवादी संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट (ञक्रन्न) ने इसी साल 22 अप्रैल को जघन्य और कायराना आतंकी हमला किया था। एनडीए के प्रस्ताव में कहा गया कि पहलगाम आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों को धर्म के आधार पर निर्ममता से मार डाला गया। आतंकवाद के खिलाफ पीएम मोदी का संकल्प- प्रस्ताव में कहा गया, पहलगाम में दहशतगर्दों की कायराना करतूत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 अप्रैल को बिहार की धरती से आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत आतंकियों और उनके समर्थकों को पहचान कर सज़ा देगा। इसी संकल्प के तहत 6-7 मई की दरम्यानी रात 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया गया। यह एक सटीक और सीमित सैन्य अभियान था, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। भारतीय संस्कृति में %सिंदूर% के प्रतीकात्मक महत्व का जिक्र-एनडीए में शामिल सांसदों ने इस प्रस्ताव में प्रधानमंत्री मोदी की निर्णायक नेतृत्व शैली, दूरदर्शिता और आतंक के खिलाफ उनके 'नए भारत' के संकल्प की सराहना की। इस प्रस्ताव के मुताबिक सेना के ऑपरेशन सिंदूर को महिलाओं से विशेष समर्थन मिला। इसका नाम भारतीय संस्कृति में सिंदूर के प्रतीकात्मक महत्व को भी दिखाता है। आतंकियों ने महिलाओं से उनका सुहाग और सम्मान छिना, जिसका सेना ने बदला लिया। दुनियाभर में पाकिस्तान को बेनकाब किया- सत्ताधारी गठबंधन में शामिल सभी दलों और नेताओं ने इस बात को भी रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में रक्षा सुधार, स्वदेशीकरण और ड्रोन तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर रहा।

इससे ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में भी मदद मिली। इसके अलावा, प्रस्ताव में सर्वदलीय शिष्टमंडल के विदेश दौरे का भी जिक्र किया गया। इसमें कहा गया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में 59 सांसदों को 32 देशों में भेजकर भारत की आतंकवाद-विरोधी स्थिति को वैश्विक मंचों पर मजबूती से रखा गया। साथ ही दहशतगर्दों के पनाहगाह पाकिस्तान को पूरी दुनिया के सामने बेनकाब भी किया गया। विकसित, सुरक्षित और शांतिपूर्ण भारत के निर्माण का संकल्प- प्रस्ताव के अंत में कहा गया कि अमेरिका ने ञक्रन्न को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया है। BRICS देशों के सम्मेलन में भी आतंकवाद के खिलाफ दोहरे मापदंडों की निंदा की गई। ये भारत की कूटनीतिक जीत और वैश्विक प्रभाव का प्रतीक है। एनडीए के सांसदों ने एक विकसित, सुरक्षित और शांतिपूर्ण भारत का निर्माण करने की दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखने का संकल्प भी लिया। बिहार में मतदाता सूची स्ढ्क्र के बीच हो रही बैठक- दरअसल, ये बैठक ऐसे समय हो रही है जब मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर दोनों सदनों में विपक्ष के हंगामे के कारण कामकाज नहीं हो रहा। जीएमसी बालयोगी सभागार में होने वाली बैठक में एनडीए के सभी सांसदों को अनिवार्य तौर पर उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर पर बीते हफ्ते संसद के दोनों सदनों में दो दिनों की विशेष चर्चा संपन्न हो चुकी है। चर्चा के दौरान जहां विपक्ष ने अचानक संघर्ष विराम को ले कर सरकार पर सवाल उठाए वहीं पहलगाम आतंकी हमला मामले में हुई सुरक्षा चूक पर भी जिम्मेदारी तय करने की मांग की। जम्मू-कश्मीर पर बड़े फैसले की अटकलें- प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को राष्ट्रपति से मुलाकात की थी। इसके बाद से ही अटकलों का बाजार गर्म है। सरकार ने 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को रद्द करने के साथ जम्मू-कश्मीर को दो केंद्रशासित प्रदेशों में बदलने का विधेयक पेश किया था। अब 5 अगस्त को एनडीए संसदीय बैठक होने के बीच चर्चाएं हैं कि क्या सरकार जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा वापस देने पर कोई फैसला करने वाली है।

## संक्षिप्त समाचार

### गोवा विधानसभा में अनुसूचित जनजातियों को मिलेगा आरक्षण, लोकसभा पास हुआ बिल

लोकसभा ने मंगलवार को गोवा विधानसभा में अनुसूचित जनजातियों (एसटी) को आरक्षण देने वाला बिल पास कर दिया। ये बिल इसलिए पास की गई क्योंकि राज्य में एसटी आबादी एससी से अधिक होने के बावजूद कोई आरक्षित सीट नहीं थी। लोकसभा ने मंगलवार को गोवा विधानसभा में अनुसूचित जनजातियों (एसटी) को आरक्षण देने वाला बिल पास कर दिया। इस दौरान विपक्ष बिहार में मतदाता सूची संशोधन पर चर्चा की मांग को लेकर विरोध करता रहा। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गोवा राज्य की विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक, 2025 को चर्चा और पारित करने के लिए पेश किया। हंगामे के बीच यह बिल ध्वनिमत से पास हो गया।एसटी की संख्या ज्यादा, फिर भी नहीं था कोई आरक्षण- आरक्षण को लेकर बिल में बताया गया है कि गोवा में अनुसूचित जनजातियों की आबादी 2011 की जनगणना के अनुसार काफी बढ़ी है। 2011 में गोवा की कुल आबादी 14,58,545 थी, जिसमें एससी की आबादी 25,449 और एसटी की आबादी 1,49,275 थी। गोवा विधानसभा में एसटी समुदाय के लिए कोई भी सीट आरक्षित नहीं है, जबकि एससी के लिए एक सीट आरक्षित है।


## पीडीए पाठशाला को पुलिस नहीं रोक सकती..., अखिलेश बोले- सीएम खुद आकर हालात देखें



लखनऊ में अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए पाठशाला को पुलिस नहीं रोक सकती है। सीएम को खुद आकर यहां के हालात देखने चाहिए। राजधानी लखनऊ में मंगलवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्कूलों के विलय पर एक बार फिर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पीडीए पाठशाला को पुलिस नहीं रोक सकती है। मुख्यमंत्री को स्वयं पाठशाला में आकर हालात देखने चाहिए। सपा अध्यक्ष ने आगे कहा कि सरकार ने खुद स्वीकार किया है कि उसने कई स्कूल बंद कर दिए हैं। कुछ का विलय भी किया है। जब तक उन स्कूलों में नए शिक्षकों की भर्ती नहीं हो जाती। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता तब तक छात्रों को पढ़ाते रहेंगे।

## विद्युत निगम पर सख्त हुई सांसद डिंपल यादव, बिजली कटौती और अव्यवस्थाओं पर उठाए सवाल


समाजवादी पार्टी से मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डीवीवीएनएल) को पत्र लिखकर मैनपुरी में बिजली से जुड़ी गंभीर समस्याओं और स्मार्ट मीटर लगाए जाने की प्रक्रिया पर आपत्ति जताई है।समाजवादी पार्टी से मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डीवीवीएनएल) को पत्र लिखकर मैनपुरी में बिजली से जुड़ी गंभीर समस्याओं और स्मार्ट मीटर लगाए जाने की प्रक्रिया पर आपत्ति जताई है। उन्होंने तत्काल कार्रवाई की मांग की है।सांसद डिंपल यादव ने अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण खंड, मैनपुरी को लिखे



पत्र में क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में बिजली से जुड़ी लंबित समस्याओं को उजागर किया। उन्होंने इन समस्याओं को जनता के लिए गंभीर बताया और त्वरित निस्तारण की मांग की। पत्र में ग्राम रठेरा के अंदर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की एल्युमीनियम लाइन से दुर्घटना की आशंका जताई है। सांसद ने इसे केबल से बदलने की मांग की है।लोगपुर चौराहा से त्रिलोकपुर के बीच जर्जर लाइन में बार-बार स्पार्किंग हो रही है, जिससे दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इस लाइन को जल्द से जल्द शिफ्ट करने की अपील की गई है। ग्राम नगरिया, उमदपुर और नगला बाबा नगरिया में अभी तक पूरे गांवों का विद्युतीकरण नहीं हो सका है। सांसद ने शेष कार्य को शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया है। ग्राम पंचायत अंगौधा में पानी की टंकी के ट्यूबवेल का ट्रांसफार्मर खराब होने से जलापूर्ति बाधित है, जिसे तुरंत बदलने की मांग की गई है। ग्राम पंचायत दरवाह के नगलाआशा गांव का एक बड़ा हिस्सा अभी भी बिजली से वंचित है, जिसके विद्युतीकरण की मांग की गई है। स्मार्ट मीटर की प्रक्रिया पर मुख्य महाप्रबंधक को घेरा सांसद डिंपल यादव ने मुख्य महाप्रबंधक डीवीवीएनएल को एक और कड़ा पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने एएमआईएसपी योजना के तहत मैनपुरी में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। बरन मीटर बदले जा रहे हैं, जिससे जनता में अविश्वास का वातावरण बन गया है। पत्र में बताया गया है कि 2.80 लाख मीटरों में से अब तक 58,687 मीटर बदले जा चुके हैं, लेकिन इस प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी है। उन्होंने यह भी बताया कि कई उपभोक्ताओं के बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, जिससे जन असंतोष बढ़ रहा है। सांसद ने चेतावनी दी है कि यदि वर्तमान प्रक्रिया में सुधार नहीं हुआ, तो यह जन आंदोलन का रूप ले सकती है। सांसद ने उपभोक्ताओं के हित को देखते हुए स्मार्ट मीटर लगाए जाने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने और पूरी योजना की समीक्षा कर पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ने की मांग की है।

## किसान बेटे सत्यपाल मलिक के निधन से पश्चिमी यूपी में शोक, जाटों की बुलंद आवाज हुई मौन

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में वे जाट नेताओं के एक प्रमुख नेता के तौर पर देखे जाते थे। जाट समुदाय में उन्हें बहुत इज्जत दी जाती थी। आज भी लोग उनका उसी तरीके से सम्मान करते हैं, जब वे अपने राजनीति के शिखर पर थे।किसानों की प्रखर आवाज बनकर उभरे जाट नेता सत्यपाल मलिक का मंगलवार को दिल्ली के राममनोहर लोहिया अस्पताल में दोपहर 1=12 मिनट पर निधन हो गया। उनके निधन से पूरे देश के साथ-साथ पश्चिमी यूपी में शोक की लहर दौड़ गई है। जाट समुदाय के प्रभावशाली नेता के निधन से जाट राजनीति को भी झटका लगा है। उनके साथ राजनीति करने वाले उनके सहयोगी नेताओं ने सत्यपाल मलिक के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। जद(यू) नेता केसी त्यागी ने कहा कि सत्यपाल मलिक उनके लंबे समय से साथी थे। छात्र आंदोलन से लेकर आपातकाल के आंदोलन के समय तक वे साथ-साथ जेल गए। कोई हफ्ता ऐसा नहीं बीतता नहीं था जब उनसे उनकी कोई बात नहीं होती थी। जब 1974 में लोक दल का गठन हुआ था, उस समय भी उन्होंने सत्यपाल मलिक के साथ अपनी राजनीति आगे बढ़ाई थी। केसी त्यागी ने कहा कि सत्यपाल मलिक प्रखर तरीके से किसानों की आवाज बुलंद किया करते थे। सत्ता में रहने के बाद भी वे किसानों की आवाज उठाने से कभी पीछे नहीं हटे। उनकी शख्सियत का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यही रहा कि उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों से कोई समझौता नहीं किया। उनके मुंह पर वही बात आती थी जो वह करना चाहते थे और



कहना चाहते थे।पश्चिमी उत्तर प्रदेश में वे जाट नेताओं के एक प्रमुख नेता के तौर पर देखे जाते थे। जाट समुदाय में उन्हें बहुत इज्जत दी जाती थी। आज भी लोग उनका उसी तरीके से सम्मान करते हैं, जब वे अपने राजनीति के शिखर पर थे। केसी त्यागी ने कहा कि सत्यपाल मलिक के निधन से पश्चिमी यूपी की एक बड़ी आवाज शांत हो गई है। इस आवाज की भरपाई करना आसान नहीं होगा। भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री रहे किसान नेता नरेश सिरोही ने कहा कि उन्होंने सत्यपाल मलिक के साथ लंबे अरसे तक काम किया। सत्यपाल मलिक भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और किसान मोर्चा के प्रभारी सत्यपाल मलिक ने किसानों के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम किया। उन्होंने कहा कि सत्यपाल मलिक के साथ एक पारिवारिक माहौल में काम किया गया। किसान नेता सरदार वीएम सिंह ने कहा कि सत्यपाल मलिक ने हमेशा किसानों को मजबूत करने के लिए काम किया। सरदार वीएम सिंह ने कहा कि यदि किसानों को आर्थिक तौर पर मजबूत करना है, यदि उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है तो उन्हें सत्यपाल मलिक के आदर्शों को जमीन पर उतारने का काम करना होगा। सरदार वीएम सिंह ने किसान नेता की मौत पर श्रद्धांजलि व्यक्त की। किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने अमर उजाला से कहा कि जिस समय किसानों को किसी मजबूत समर्थन की सबसे अधिक जरूरत थी, सत्यपाल मलिक उस समय सामने आए थे और किसानों की आवाज बुलंद करने का काम किया था। महत्वपूर्ण मुद्दों पर उन्होंने न केवल अपनी बेबाक राय रखी, बल्कि किसानों को भी एक मार्गदर्शन देने का काम किया था। उन्होंने कहा कि पूरा किसान समुदाय अपने इस बेटे के निधन पर शोक व्यक्त कर रहा है। किसान नेता ने कहा कि सत्यपाल मलिक का निधन पूरे देश के किसान समुदाय के लिए बड़ी क्षति है।

## संपादकीय Editorial

# Do not adopt the Khokha attitude


If someone asks how Himachal is passing its days, everyone will tell based on their own convenience, their own politics and their own selfishness. If every day is breaking like a disaster, then will the monsoon session of the assembly be able to discuss the questions related to the existence and future of the hill state this time. We are becoming a state of Khokha attitude, where the governments are giving only soft messages to the public after spending their days on daily wages. If the thinking of the councilors in the Kangra District Council meeting is estimated, then neither good governance will ever come nor the state will be able to stand on its feet. The councilors, after drinking their electoral sips, put forward excellent demand letters, but they do not accept that the principles of self-reliance of the state can demand any fee. If vehicle parking fee is demanded in the arrangement of DC office parking in Dharamshala, then this economics hurts their eyes. One is also surprised at the points of consensus, discretion, dispute and debate of the state, where discussions have started in the streets of encroachment. Now, there are some advocates of social media who do not want to see the state walking on its own feet. Even if any local body dares to take action against encroachment, those who count the social media hits with the help of their mobile torch are pained as to why unwanted hawkers were removed from the city. Why the administration was seen to be active against illegal construction. Just ask your children who are paying electricity bills in different parts of the country on strict steps for employment. Have you ever thought how much tax your own children are paying under the eyelids of Noida-Mumbai or Gurgaon. We are carefree Himachalis, so we wear a political mask to hide the pain of the natural disaster that Seraj faced. Then the whole case starts to break our head as to why the students were removed from the wet foundation of a horticulture college and shifted to a safer place in this havoc. We do not want TCP law in the state, so the applications of our MLAs say, remove the ban on construction from the green belt or remove the entire status from SADA. Every citizen of the state should tell how Himachal will become self-reliant.

The per capita income of this state has increased, but the per capita debt in the state has also increased. The public face of our thinking is different, while in private behavior we still want such government jobs where there is no question of accountability, no transfer or loyalty towards work. We want the entire structure and pattern to be government. Ask the councilors of Kangra District Council to tell that if they do not charge for the parking infrastructure built by borrowing lakhs from ADB, then how will these buildings be maintained or the loan be repaid.

Have the councilors ever thought that how many water pipes buried in their area were wasted just like that? How many structures, how many instructions, how many plans and how many ideas of the government were wasted. Who will take care of the politics of leaving half-finished constructions, the politics of extravagance or the politics of sycophancy of power. We may or may not find the door of education in the small village school, but we will definitely find a well-dressed leader at the annual function's archway and by flattering him and eating the sweets of hospitality of the teacher community, we think that education will be enriched by these traditions or our own child will do something different, then we are not under any illusion - there are many like us who are deceived by ourselves.

# Samosa is strange and its development journey in India

No one knows when Samosa came out of the court and became the common man's breakfast. Its cover is mainly of flour. At different places, different ingredients are stuffed in it and fried in oil or ghee. In the year 1997, the film 'Mr. and Mrs. Khiladi' was released. There is a song in the film, 'Jab Tak Rahega Samosa Mein Aloo...'. Both the film and the song were hits, but today we are not discussing the film, but the samosa. BJP MP from Gorakhpur and actor Ravi Kishan has started a new debate regarding the size and price of the samosa. During a discussion in the Parliament, the MP said that the size and price of the samosa should be fixed. However, today we are not discussing the demand of MP Ravi Kishan, but the story of the samosa and its popularity in India. The Indian story of the samosa is very interesting. According to historians, the samosa originated in Central Asia and the Middle East. There it was known as Sambhusak, Sambusa or Sambhusa. Samosa is mentioned in Persian and Arabic texts between the 10th and 13th centuries. At that time i t was a small triangular shaped pastry snack filled with meat or dry fruits, which was fried in ghee. It was brought to India in the 13th or 14th century by Muslim traders, Sufi saints and Persian speaking rulers. Famous scholar Amir Khusro and historian Ibr Battuta have mentioned samosa in their books. No one knows when samosa came out of the court and became the common man's snack. Its cover is mainly of flour. At different places, different ingredients are filled in it and fried in oil or ghee. While in North India it is called samosa, in Bihar and Jharkhand it is called Singhara. In West Bengal it becomes Shingada. In Gujarat it is called Patodi Samosa. In Indore, even triangle shaped patties are called unfried samosa. In some districts of Bihar and some districts of eastern Uttar Pradesh, there is a trend of eating samosa by pouring mustard oil on it. In West Bengal, cauliflower and peanuts are stuffed in samosa and it is eaten after squeezing lemon. In South India, the size of samosa is a little smaller. It is stuffed with coconut and vegetables or mild spices, while in North Karnataka and Andhra Pradesh, spicy samosa is popular. In Gujarat and Maharashtra, sweet and sour taste is mixed in samosa. In Uttar Pradesh, Haryana, Rajasthan, Delhi, Punjab, Madhya Pradesh, mainly potato filled triangular samosa is found. In Hyderabad and its surrounding areas, square or rectangular samosa is found, which is called Luchmi. It is also locally called Lukhmi, which is usually filled with mutton or minced meat. In West Bengal and Bihar, samosa is also made in crescent shape. It is completely sealed. In some areas of South India, samosa is made in round shape. Its structure is like North Indian Kachori. In some places, thin triangle shaped samosas are also made. These are called mini or Punjabi cocktail samosa. In Ratlam, there is a trend of eating sev namkeen on samosa. Small sized asafoetida samosas of Prayagraj are famous. Samosa of Iglas in Aligarh district of Uttar Pradesh is of large size, it is one and a half times bigger than the samosa normally available. In Haridwar, some shops make 8 inch, 15 inch and 20 inch big samosas. These are called the biggest samosa of India. These samosas contain paneer, potato peas and dry fruits. In many places, samosa is eaten by adding curd or chickpeas. Today samosa has become global. Vegetable samosa is usually available in Indian restaurants in England. In African countries, samosa is called samosa only, but meat is the main filling in it. In Central Asian countries, samosa is baked in the oven. In Caribbean countries, where the Indian community lives in large numbers, the samosa has been adapted to suit their tastes. By the way, the samosa has also been registered in the Guinness Book of World Records. A charity organization in London made a 153.1 kg samosa in the year 2017. While the taste of samosa has become popular in the world, it has also taken the form of a big business. In India, the snack food market is going to be around Rs 1.45 lakh crore in the year 2025, in which samosa is prominently included. It is believed that 6 crore samosas and kachoris are sold daily in India. It is normally available for 10 to 30 rupees. Its annual sale is said to be between 22,000 crores and 33,000 crores. Today, many new brands have emerged for samosa. Many startups have started. A startup in Jaipur has done many unique experiments with samosas, here noodles, paneer tikka, etc. are stuffed in the samosa. The demand raised by the honorable MP in the Parliament regarding the size and price of the samosa seems difficult to be fulfilled, but the craze for samosa is definitely increasing in the world.



# World of Animals: The Unique Lifestyle of the Indian Himalayan Black Bear

As soon as the first layer of snow falls on the Himalayan peaks, the Indian black bear becomes even more active in its search for food. Bears are omnivores, so their diet consists of fruits, nuts, insects, small mammals and even lizards. The diverse and rugged landscape of the Indian Himalayas is home to many unusual creatures. One of them is the Indian black bear (Ursus thibetanus), which is known for its strange lifestyle and winter survival strategies. As soon as the cold winds start blowing in the mountains, these bears make special preparations. As soon as the first layer of snow falls on the Himalayan peaks, the Indian black bear becomes even more active in its search for food. Throughout the day, they pluck wild fruits from tall trees, search for insects hidden in the ground and dig up roots hidden in bushes. Their sole goal is to store enough fat for the long and harsh winter months. Every evening, when the sun hides behind the mountains and the temperature starts dropping rapidly, these bears return to their safe dens. These safe places are in caves, hollow trees, and rock crevices, where they survive the winter months by conserving their body heat. Their adaptability in this harsh environment is what keeps them alive. Ideal Strategy for Winter- To avoid the harsh cold, the Indian black bear goes into a state of hibernation. However, compared to other bears, they tend to hibernate in a slightly different way. Usually, Himalayan black bears do not have the capabilities to go into a state of complete hibernation. Instead, they go into a state of mild hibernation. During this phase, their activities are reduced, metabolism slows down, and they stay in their burrows to conserve energy. This process allows them to survive the debilitated cold weather and famine. Storage of food before the arrival of winter- Bears store enough fat in their body before going into winter hibernation. For this, they eat a lot of food during the summer and autumn months. Bears are omnivores, so their diet includes fruits, nuts, insects, small mammals and even lizards. During autumn, they especially consume energy-rich foods like walnuts, mulberries, wild apples and chestnuts. Den making processHimalayan black bears prepare to build safe and warm dens during the winter months. These dens are usually in caves, hollow trees, rock crevices and dense forests. Bears line these places with leaves, twigs and body hair to protect them from the cold. Some bears move down from high altitudes to relatively warmer places, while others remain at high altitudes facing harsh conditions. This behaviour shows their adaptation to winter.Human-Bear Conflict and Conservation EffortsThe population of Himalayan black bears is continuously declining. The main factors behind this are poaching, deforestation and shrinkage of their natural habitat. These bears often come near villages in search of food, which increases human-bear conflict. In many areas, farmers start feeling hostility towards these bears due to the damage caused to crops and livestock by these bears. In this scenario, the government and various non-governmental organizations have taken several measures for the conservation of Himalayan black bears. Establishment of protected forest areas, control of poaching and awareness among local communities are a part of these efforts. Conclusion- The life of Indian Himalayan black bears is a great example of adaptation to the harsh conditions of winter. Their unique lifestyle, food gathering instincts, special hibernation techniques, and breeding behavior help them survive in this harsh environment of the Himalayas. However, their survival may be in danger due to increasing human interference and climate change. We will have to make collective efforts for their conservation so that the biodiversity of the Himalayas remains intact and these unique bears remain a part of our environment.



# बरसात में रेलवे ट्रैक भी पानी-पानी...वंदे भारत समेत कई ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक



बारिश ने जहां सड़कों पर लोगों का निकलना मुश्किल कर दिया है, तो दूसरी तरफ ट्रेनों की रफ्तार पर भी ब्रेक लग गया है। मुरादाबाद मंडल के अलग-अलग स्टेशन पर रेलवे पटरियों पर पानी भरने की वजह से ट्रेनों को जहां-तहां रोकना पड़ रहा है। मंगलवार को वंदे भारत, राज्यरानी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें घंटों लेट हो गईं।दरअसल 22545 लखनऊ-देहरादून वंदेभारत एक्सप्रेस को काफी देर नजीबाबाद से पहले रोक दिया गया। ट्रेन करीब 1 घंटा 36 मिनट लेट हो गई। ट्रेन में बैठे यात्री परेशान होकर रेलवे से शिकायत करने लगे। जिसके जवाब में यात्रियों को बताया गया कि नजीबाबाद स्टेशन पर पानी भरने के कारण ट्रेन का संचालन बाधित हुआ। ट्रेन देहरादून देरी से पहुंचने के कारण 22546 देहरादून-लखनऊ वंदेभारत एक्सप्रेस को भी 1 घंटा 5 मिनट रिशेड्यूल कर दिया गया। 22454 राज्यरानी एक्सप्रेस सोमवार को लखनऊ से 7 घंटा 55 मिनट रिशेड्यूल की गई थी। यह ट्रेन बरेली जंक्शन पर 9 घंटा 18 मिनट और मुरादाबाद 9 घंटा 24 मिनट की देरी से पहुंची थी। जिसकी वजह से मंगलवार को 5 घंटा 14 मिनट मेरठ से रिशेड्यूल की गई। मुरादाबाद और बरेली जंक्शन पर ये ट्रेन 5 घंटा लेट थी।

# लड़की से दिन दहाड़े गंदी हरकत करने वाले युवक को मुठभेड़ में लगी गोली

मुरादाबाद- बुर्का पहनी महिला से सरेआम छेड़खानी करने वाले आरोपी को पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर मुठभेड़ में पकड़ लिया। सोमवार रात जिगर कॉलोनी स्थित नट बाबा मठ के पीछे




रामगंगा घाट पर हुई इस मुठभेड़ में आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपी की पहचान आदिल उर्फ पप्पू के रूप में हुई है। वह प्राइवेट नर्सिंग होम में कंपाउंडर है। बीते रविवार की शाम डिप्टीगंज गोल कोठी इलाके में बुर्का पहनी महिला से छेड़खानी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। महिला की तहरीर पर नागफनी थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। तब से पुलिस जगह-जगह उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस के अनुसार सोमवार की देर रात 12 बजे ड्रोन अफवाह को लेकर चल रहे चेकिंग अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सवार एक युवक को रोकने की कोशिश की गई। इस पर उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और नदी किनारे की ओर भागने लगा। पीछा करने पर बाइक फिसल गई और आरोपी ने दोबारा गोली चला दी। जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लग गई। घायल आदिल को पकड़कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बरामदगी में पुलिस को तमंचा, जिंदा कारतूस और बाइक मिली है। सूचना पर एसपी सिटी रणविजय सिंह अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने महज 12 से 14 घंटे में महिला से छेड़खानी करने वाले आरोपी को पकड़कर सराहनीय कार्य किया है। वहीं अस्पताल में एसपी सिटी को देखकर आरोपी आदिल कान पकड़कर माफी मांगने लगा और बोला अब कभी ऐसा नहीं करूंगा, मुझे माफ कर दो।

# चोरों की आहट पर नीचे झांक रहे युवक की छत से गिरकर मौत

मुरादाबाद- अजीमनगर थाना क्षेत्र के रतनपुरी निवासी नवी हसन 27 वर्ष पिछले कई दिनों से चोरों की वजह से छत पर सो रहा था। रात को उसकी पत्नी नरगिस को आहट हुई कि दीवार पर कोई है। जिसके बाद नवी हसन छत चोरों के आने की बात सुनकर छत से नीचे देखने लगा। देखते हुए छत से नवी हसन सिर के बल नीचे गिर गया। धम की आवाज आने के बाद परिजन मौके की ओर दौड़ पड़े। जहा नवी हसन को नीचे घायल अवस्था में देखकर उनके होश उड़ गए। उसको आनन फानन में लेकर अस्पताल की ओर भागे। जहां उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जानकारी मिलने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। सभी का रो रोकर बुरा हाल है। नवी हसन के परिवार में चार भाई एक बहन है। वह दूसरे नंबर का है। नवी हसन का एक बेटा है। पूरे दिन घर पर लोगों की भीड़ रही। अजीमनगर थाना क्षेत्र के रतनपुरी निवासी नवी हसन 27 वर्ष पिछले कई दिनों से चोरों की वजह से छत पर सो रहा था। रात को उसकी पत्नी नरगिस को आहट हुई कि दीवार पर कोई है। जिसके बाद नवी हसन छत चोरों के आने की बात सुनकर छत से नीचे देखने लगा। देखते हुए छत से नवी हसन सिर के बल नीचे गिर गया। धम की आवाज आने के बाद परिजन मौके की ओर दौड़ पड़े। जहा नवी हसन को नीचे घायल अवस्था में देखकर उनके होश उड़ गए। उसको आनन फानन में लेकर अस्पताल की ओर भागे। जहां उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जानकारी मिलने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। सभी का रो रोकर बुरा हाल है। नवी हसन के परिवार में चार भाई एक बहन है। वह दूसरे नंबर का है। नवी हसन का एक बेटा है। पूरे दिन घर पर लोगों की भीड़ रही। स्वार के युवक ने उत्तराखंड में की आत्महत्या स्वार क्षेत्र के गांव लच्छी वाला निवासी जितेंद्र उर्फ विक्की ने उत्तराखंड के बाजपुर में पंखे से लटक कर जान दे दी। तहसील क्षेत्र के गांव लच्छी वाला निवासी जितेंद्र उर्फ विक्की पुत्र दिलीप सिंह उत्तराखंड के बाजपुर के गांव नंदपुर नरका टोपा में रहकर कपड़े व जूते चप्पल की दुकान चलाता था। परिवार गांव में ही रहता था। रविवार देर शाम जितेंद्र अपने कमरे के पंखे से लटका मिला। बाजपुर पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सोमवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन जितेंद्र विक्की के शव को गांव लच्छीवाला ले आए। जहां शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# बारिश ने बढ़ाई मुसीबत: रेलवे ट्रैक पर पानी भरने से ट्रेनें प्रभावित, छह घंटे लेट पहुंची राज्य रानी एक्सप्रेस

मुरादाबाद- झमाझम बारिश के कारण मुरादाबाद रेल मंडल समेत कई जगहों पर रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया। इससे ट्रेनों को बीच रास्ते रोकना पड़ा। लखनऊ से मेरठ जा रही राज्यरानी एक्सप्रेस मुरादाबाद छह घंटे की देरी से पहुंची। इससे यात्रियों को भारी परेशानी हुई। मुरादाबाद में रेलवे ट्रैक पर बारिश का पानी भरने से ट्रेनों को बीच राह रोकना पड़ा। लखनऊ से मेरठ जाने वाली राज्यरानी एक्सप्रेस मुरादाबाद छह घंटे लेट पहुंची। स्टेशन पर यात्री ट्रेन का इंतजार करते रहे। सोमवार रात 7:58 बजे इसे मुरादाबाद पहुंचना था लेकिन रात 1:57 बजे आई। कई यात्रियों ने ऑनलाइन टिकट कैंसिल करा दिया।रविवार रात से सोमवार सुबह 11 बजे के बाद बारिश जारी रही। इसके कारण मुरादाबाद, लखनऊ सहारनपुर रेल मंडल में कुछ स्थानों पर जलभराव हो गया। इसके कारण छह से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित हुईं। नजीबाबाद से कोटद्वार के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन को रद्द करना पड़ा। योगनगरी ऋषिकेश से प्रयागराज संगम तक चलने वाली (14230) प्रयागराज एक्सप्रेस ढाई घंटे लेट चली।यह ट्रेन सोमवार रात 9:46 बजे मुरादाबाद स्टेशन पर पहुंची। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि जलभराव के कारण मंडल के कई स्टेशनों पर पंप लगाए गए। मुरादाबाद यार्ड में भी प्वाइंट फेल्योर की स्थिति से बचने के लिए यह तकनीक अपनाई।



यह ट्रेनें रही लेट 22423 गोरखपुर-अमृतसर एक्सप्रेस 2:47 घंटे 05579 अमृतसर स्पेशल एक्सप्रेस 2:44 घंटे 12587 गोरखपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस 3:21 घंटे 22453 राज्यरानी एक्सप्रेस 6 घंटे

# मुरादाबाद में झमाझम बारिश की तस्वीरें: रामगंगा और गागन नदी ऊफान पर, 15 घंटे में 93.4 मिमी बरसे बादल

मुरादाबाद- बारिश ने मुरादाबाद नगर निगम और आवास विकास के नाला सफाई के दावों की पोल खोल दी। पॉश कॉलोनियों समेत कई इलाकों में जलभराव हो गया। लाइनपार के मोहल्लों सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। रामगंगा और गागन नदी के जलस्तर में वृद्धि से कटघर क्षेत्र में खतरा बना हुआ है। मुरादाबाद में चौबीस घंटे से लगातार बारिश जारी है। इससे कई इलाकों में जलभराव होने के साथ लोगों के घरों ने पानी भर गया है। बारिश के कारण तापमान अचानक कम हो गया है। रविवार की रात शुरू हुई बारिश मंगलवार तक जारी है। इस बारिश में एक बार फिर शहर के ड्रेनेज सिस्टम के दावे डूब गए। नगर निगम और आवास विकास के नाला सफाई के इंतजाम की पोल खुल गई है।शहर की पॉश कॉलोनियों तालाब बन गई। सड़कों पर जलभराव हो गया। दीनदयाल नगर, बुद्धि विहार और लाइनपार के कुछ घरों में पानी भर गया है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश से लाइनपार के मोहल्लों की स्थिति सबसे सबसे अधिक खराब रही। यहां रामलीला ग्राउंड और उसके चारों ओर की रोड पानी में डूबी रही।लाइनपार के मोहल्ला रामतलैया, सूर्यनगर, जयंतीपुर, आदर्श कॉलोनी, भोलानाथ कॉलोनी, ढक्का कॉलोनी, प्रकाश नगर में जलभराव हो गया। दुकानदारों को कीचड़ से भरी गलियों से होकर निकलना पड़ा। वहीं रामगंगा विहार, जेल रोड, आवास विकास की कॉलोनियों में पानी भर गया। नगर निगम के अधिकारियों ने शहर में भ्रमण कर पानी निकासी के कार्य को तेज कराया लेकिन लाइनपार में सफलता नहीं मिल सकी। वहीं रामगंगा विहार की अवंतिका कॉलोनी, मानसरोवर में घरों तक पानी पहुंच गया। दीनदयालनगर में कुछ जगहों पर पानी घरों में घुस गया। इसके अलावा स्टेशन रोड, जामा मस्जिद, ईदगाह रोड, जेल रोड, झब्बू का नाला में जलभराव की स्थिति बनी रही।नगर आयुक्त के निर्देश पर अधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्रों का दौरा किया। दूसरी ओर जलस्तर बढ़ने के कारण रामगंगा और गागन नदी के किनारे रहने वालों की परेशानी बढ़ गई है। कटघर क्षेत्र के घरों तक पानी पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।आवास विकास की कॉलोनियों में सिस्टम फेल आवास विकास की बुद्धि विहार स्थित कॉलोनियों में ड्रेनेज सिस्टम फेल होने के कारण मैदान के अलावा घरों में पानी घुस गए। शिकायत के बावजूद आवास विकास के अधिकारियों ने सिस्टम को ठीक नहीं कराया है। इससे लोगों को परेशानी हुई। शंकर विहार कॉलोनी में गिरा पेड़ सिविल लाइंस थानाक्षेत्र के शंकर विहार कॉलोनी में सोमवार की सुबह एक पुराना पेड़ धराशायी हो गया। इस दौरान आवागमन बाधित हो गया। नगर निगम ने अन्य विभागों के साथ पेड़ की डालियों को काटकर आवागमन सामान्य किया। इसके अलावा दिल्ली रोड पर स्प्रिंगफील्ड स्कूल के पास भी पेड़ की डाली टूटकर गिर गई।एसआई आवास की छत गिरी मूंढापांडे में रविवार की रात हुई बारिश के कारण मूंढापांडे थाने के पीछे स्थित एसआई के पुराने आवास की छत छत गिर गई। इस दौरान कमरे में सो रहे एसआई बाल-बाल बच गए। मलबे में दबकर सामान नष्ट हो गया। पुलिस का कहना है कि यह आवास आजादी से पहले बनाया गया था। मूंढापांडे थाना परिसर में एसआई रमेश चंद्र सक्सेना रहते हैं। वह सोमवार की दोपहर सो रहे थे। इस बीच दोपहर एक बजे बारिश के दौरान लिंटर का एक टुकड़ा उनके बेड पर गिरा तो उनकी नींद टूट गई।वह तत्काल कमरे से निकलकर बाहर भाग गए। इसके बाद भरभरा कर लिंटर गिर गया। छत से मलबे में बेड, अलमारी और कुर्सियां दबकर टूट गई। पुलिसकर्मियों का कहना है कि थाने की पुरानी बिल्डिंग 1926 में बनाई गई थी। अंग्रेजों ने थाने का निर्माण कराया था। वर्तमान समय में थाने की नई बिल्डिंग बनाई गई है लेकिन पुराने कमरे भी मौजूद हैं।मानसून जमकर मेहरबान सावन के आखिरी दिनों में मानसून जमकर मेहरबान हो रहा है। लगातार 15 घंटे में 93.4 मिलीमीटर बादल बरसे। मौसम प्रभारी का कहना है कि मंगलवार को बादल छाने का अनुमान है। लगातार दो दिन से झमाझम बारिश हो रही है। रविवार रात नौ बजे बारिश शुरू हुई। कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश होती रही। रात एक बजे के बाद तेज बारिश का जो दौर शुरू हुआ, वह सुबह दस बजे तक चलता रहा।हालांकि दोपहर एक बजे तक बारिश हुई। इसके बाद भी बादल छाए हुए थे। सोमवार सुबह लोग अपने कार्यालयों को भीगते हुए गए। सड़कों पर भी वाहनों की गति धीमी ही रही। 15 घंटे की इस बारिश ने गर्मी से राहत दी। मौसम विज्ञान विभाग का डेटा संग्रह केंद्र के मौसम प्रभारी निसार अहमद ने बताया कि सोमवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।पिछले 24 घंटे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में एक-एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। वातावरण में सुबह के समय नमी सौ फीसदी थी, जो शाम को 89 फीसदी दर्ज की गई।सुबह आठ बजे तक बारिश 72.8 मिलीमीटर हुई, जबकि दिन में बारिश 20.6 मिलीमीटर दर्ज की गई। हवा की गति पश्चिम से पूरब दिशा में पांच से दस किलोमीटर प्रति घंटा रही। निसार अहमद ने कहा कि मंगलवार को बादल छाए रहने के अलावा कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है।



## संक्षिप्त समाचार

### किशोरी से रेप का दोषी पाया...अदालत ने युवक को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

संभल- हयातनगर थाना क्षेत्र में किशोरी से दुष्कर्म के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 1 लाख 3 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया है। यह घटना 29 अगस्त 2020 की थी। किशोरी घर में पढ़ाई कर रही थी तभी शैलेश नाम का युवक अपने चाचा दिनेश के साथ घर में घुस गया। दोनों ने किशोरी से दुष्कर्म किया। सोमवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने शैलेश को आजीवन कारावास और 1 लाख 3 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। इससे पहले 28 जुलाई को दिनेश को सजा सुनाई जा चुकी है।

### भाजपा नेता का अखिलेश संग फोटो वायरल...मची राजनीतिक खलबली

मुरादाबाद- हसनपुर- सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव के साथ भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के भाई ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



फोटो वायरल होने के बाद लोग तरह तरह के राजनीतिक कयास लगा रहे हैं। हालांकि ब्लॉक प्रमुख का कहना हैकि वह फोटो लोकसभा चुनाव से पहले का है। वायरल फोटो में राजेंद्र सिंह खड़गवंशी सपा मुखिया अखिलेश यावदव को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर रहे हैं। फोटो वायरल होने के बाद से राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में राजेंद्र सिंह खड़गवंशी सपा से चुनाव लड़ सकते हैं। चर्चा है कि इन दिनों उनकीअपने भाई भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी से नहीं पट रही है। बताया जाता है कि लोकसभा चुनाव में राजेंद्र खड़गवंशी ने भाजपा से टिकट मांगा था, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला तो सपा-कांग्रेस गठबंधन से टिकट के लिए उन्होंने भागदौड़ की थी। ये फोटो उसी वक्त का है। वहीं राजेंद्र खड़गवंशी का कहना है कि वह भाजपा के सच्चे कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। किसी दूसरी पार्टी में जाने का कोई सवाल नहीं है।

### गजवा-ए-हिंद साजिश केस: बारह दिन से एटीएस की रडार पर था अजमल और उसका परिवार, अमरोहा में एटीएस ने की थी पूछताछ

मुरादाबाद- गजवा ए हिंद केस में अमरोहा का अजमल अली को गिरफ्तार किया गया है। उससे एटीएस ने कई बार पूछताछ की थी। अजमल के पकड़े जाने के बाद मोहल्ले के लोग हैरान है। स्थानीय पुलिस भी इसकी जांच करने में जुट गई है। राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में एटीएस द्वारा गिरफ्तार अजमल अली करीब दो सप्ताह से एटीएस की रडार पर था। करीब 12 दिन पहले एटीएस के अधिकारी उनके घर पहुंचे थे और दो घंटे पूछताछ के बाद तीनों पिता-पुत्र को अपने साथ ले गई थी। मुरादाबाद में किसी गुप्त स्थान पर पूछताछ के बाद शाम को छोड़ दिया था।नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के गांव देहरा निवासी असगर खान का बेटा अजमल अली बीएससी का छात्र है, जबकि असगर खान कस्बा में स्थित एक डिग्री कॉलेज में संविदा शिक्षक हैं। इसके अलावा घर पर जैकेट सिलाई का काम भी करते हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे अनस व अजमल और एक बेटी भी है। अनस भी जैकेट सिलाई का काम करता है। असगर खान मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनका मंझला बेटा अजमल बिजनौर के एक डिग्री कॉलेज में बीएससी का छात्र है। बेहद शांत स्वभाव का अजमल गांव में लोगों से बात नहीं करता था। । करीब 12 दिन पहले एटीएस की टीम में शामिल छह लोग उनके घर पहुंचे और खुद को एटीएस के अधिकारी बताते हुए गेट बंद कर लिया। करीब दो घंटे पूछताछ करने के बाद असगर खान, अनस और अजमल को अपने साथ ले गए थे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# आरटीओ ने जल्द ही डग्गामारी रोके जाने का दिया आश्वासन

क्यूँ न लिखूँ सच / यूसुफ/ मुरादाबाद कुन्दरकी बिलारी प्राइवेट बस आपरेटर यूनियन ने इस मार्ग पर अवैध डग्गामारी को बन्द न कराए जाने पर सभी परमिट सरेन्डर कर देने की चेतावनी आरटीओ को दी है। आरटीओ ने जल्द ही डग्गामारी रोके जाने का आश्वासन प्राइवेट बस मालिको को दिया। बताते चले कि मुरादाबाद से कुन्दरकी बिलारी मार्ग पर सम्भागीय परिवहन विभाग की ओर से तीन दर्जन से अधिक प्राइवेट बस संचालन के परमिट जारी किये हुए हैं। जिससे इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर मार्ग पर पड़ने वाले गाँव देहातों से ग्रामीणों की आवाजाही महानगर के लिये होती है। प्राइवेट बस आपरेटर यूनियन के अध्यक्ष असलम खुर्शीद ने आरोप लगाया कि पिछले काफी लंबे समय से इस मार्ग पर अनाधिकृत डग्गामारी हो रही है। जिसके विरोध में सभी प्राइवेट बस आपरेटर आज आरटीओ ऑफिस शिकायत लेकर पहुंचे। जहां सभी ने आरोप लगाया कि इस डग्गामारी को विभागीय संरक्षण मिला हुआ है। जिस कारण प्राइवेट बस ऑपरेटरों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। असलम खुर्शीद का ये भी आरोप है कि इस डग्गामारी में तमाम इलेक्ट्रिक ऑटो ,टाटा मैजिक, मारुति वैन से लेकर सीएनजी व बैटरी रिक्शा तक शामिल हैं। साथ ही आय दिन इनसे होने वाली दुर्घटनाओं के चलते तमाम बेकसूर जान भी गवां चुके हैं। सभी बस ऑपरेटरों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि इन अवैध वाहनों पर लगाम नही लगाई गई तो वे सभी अपने परमिट सरेंडर कर देने को विवश हो जाएंगे। वारहाल आरटीओ द्वारा आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन देकर मामले को शान्त कर देने की कोशिश तो कर दी है। पर उक्त मार्ग पर अभी इस का कोई प्रभाव नजर नही आ रहा। आरटीओ से मुलाकात के दौरान असलम खुर्शीद के साथ अफजल साबरी, निखिल पांडे, सुभाष सिंघल, संजय शर्मा, टिंकू ठाकुर, सलीम अंसारी, नाज़िम, इकराम, नन्हे खान व हाफिज आदि मौजूद रहे।



# मुख्यमंत्री दौरे पर जिला प्रशासन ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बुधवार को बरेली कॉलेज बरेली मैदान में प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतज़ाम किए हैं। मुख्यमंत्री यहाँ ?400 करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं का शिलान्यास करेंगे और मंडलीय समीक्षा बैठक भी लेंगे। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए कुल 1737 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इसमें ड्यूटी में शामिल होने वाले नौ एडिशनल एसपी बाइस सीओ, पचास इंस्पेक्टर, दो सौ सब इंस्पेक्टर, ग्यारह मुख्य आरक्षी, एकसौ पचास महिला आरक्षी, पांच ट्रैफिक इंस्पेक्टर और छप्पन दरोगा सौ ट्रैफिक हेड कांस्टेबल व इसके अलावा पीएसी की 4 कंपनियां भी तैनात की गई हैं, जो भीड़ नियंत्रण और आकस्मिक स्थितियों से निपटने में सहायक होंगी। ड्रोन कैमरों से निगरानी- मुख्यमंत्री के रूट और कार्यक्रम स्थल की ड्रोन से निगरानी की जाएगी ताकि किसी भी तरह की चूक न हो। इसके साथ ही, खुफिया विभाग की टीमें सादे कपड़ों में तैनात रहेंगी जो संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगी। सुरक्षा व्यवस्था की संयुक्त समीक्षा प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने कर ली है। सभी थानों को अलर्ट मोड पर रखा गया है और कंट्रोल रूम से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारी फील्ड में रहकर पल-पल की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# बारिश में भीगे, कीचड़ में गिरे, पुलिस की फटकार खाई तब मिली दो बोरी यूरिया, किसानों ने किया हंगामा

सुबह से ही बारिश हो रही थी। बारिश में भीगते रहने के बावजूद किसान लाइन में ही डटे रहे। महिलाएं भी अलग लाइन बनाकर खड़ी रहीं। इन किसानों को पांच अथवा दस-दस बोरी की जरूरत थी, लेकिन दो-दो बोरी यूरिया ही मिली।अतरौली में यूरिया के लिए किसानों को कितना परेशान होना पड़ रहा है, इसे शायद ही वह समझ पाएं, जो खेती-बाड़ी नहीं करते। 5 अगस्त को बारिश में भीगने के साथ कीचड़ में गिरते-पड़ते और पुलिस की फटकार खाते हुए लाइन में किसान लगे रहे, ताकि खेतों में खड़ी फसल के लिए यूरिया पा सकें। इतना सब कुछ सहने के बावजूद दो-दो बोरी यूरिया ही उनके हाथ लगी।जरूरत के अनुसार यूरिया न मिलने पर पीसीएफ केंद्र और क्षेत्रीय सहकारी समिति में किसानों ने हंगामा भी किया। सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों से भी किसानों की नोकझोंक हुई। पुलिस कर्मियों ने उन्हें समझाकर शांत कराया। धान की फसल में यूरिया की सबसे ज्यादा जरूरत है। निजी दुकानों में यूरिया नहीं मिल रही। कुछ निजी दुकानों में यूरिया है तो वहां पर प्रति बोरी यूरिया के साथ लगेज में अन्य पदार्थ खरीदने का दबाव है। मंगलवार को अतरौली के पीसीएफ केंद्र और क्षेत्रीय सहकारी समिति में यूरिया पहुंचने की सूचना पर सुबह पांच बजे से ही किसान पहुंचने लगे थे। सुबह से ही बारिश हो रही थी। बारिश में भीगते रहने के बावजूद किसान लाइन में ही डटे रहे। महिलाएं भी अलग लाइन बनाकर खड़ी रहीं। इन किसानों को पांच अथवा दस-दस बोरी की जरूरत थी, लेकिन दो-दो बोरी यूरिया ही मिली। इस पर उन्होंने हंगामा भी किया। पुलिस कर्मियों ने किसानों को लाइन में लगवाकर यूरिया का वितरण करवाया। जितनी यूरिया थी उसके हिसाब से वितरण किया गया है। आधार कार्ड और खतौनी लेकर प्रति किसान दो बोरी यूरिया दी गई है। -हरीराज सिंह, सचिव मंगलवार की सुबह पांच से बजे से लाइन में लगना पड़ा। बारिश में भीगे। कीचड़ में गिरने से बचे, तब दो बोरी यूरिया मिल सकी। -राजेंद्र पहाड़गढ़ी प्रशासन किसानों को यूरिया मुहैया करा पाने में विफल है। जब भी समिति में यूरिया आती है तो लाइन लंबी लाइन में जूझना पड़ता है।- विजेंद्र सिंह, गाजीपुर निजी दुकानों में यूरिया मिल नहीं पा रही है। किसी दुकान पर है भी तो दुकानदार महंगे दाम पर लगेज खरीदने का दबाव बनाते हैं। - नीरज, हरचंदपुर घर का काम-काज छोड़कर बारिश में भीगते हुए मंगलवार को सुबह से लाइन में लगना पड़ा। कपड़े भीग गए, तब दो बोरी खाद मिली।- विमलेश, अतरौली मजदूरी भी नहीं छोड़ी जा सकती, लेकिन घर के पुरुष मजदूरी करने चले गए। मजबूरी में हमें ही यूरिया के लिए लाइन में लगना पड़ा। - संतोष देवी, गांव खेड़ा

# जनेश्वर मिश्र जी की जयंती पर समाजवादी कार्यालय पर श्रद्धांजलि का क्या आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच / यूसुफ/ छोटे लोहिया' के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्र जी की जयंती पर समाजवादी पार्टी मुरादाबाद के जिला कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। समाजवाद के पुरोधा 'छोटे लोहिया' जनेश्वर मिश्र की जयंती पर समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का लिया गया संकल्प समाजवादी विचारधारा के प्रबल पोषक, प्रखर वक्ता और 'छोटे लोहिया' के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्र जी की 93 वीं जयंती के इस अवसर पर जिले भर के समाजवादी कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर जनेश्वर मिश्र जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हें नमन करते हुए उनके बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष जयवीर यादव नें कार्यक्रम की अध्यक्षता की अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जनेश्वर मिश्र जी ने समाज में व्याप्त भेदभाव, छुआछूत, ऊँच-नीच जैसी कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनका संपूर्ण जीवन सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए समर्पित रहा। उन्होंने भारतीय




राजनीति को एक नई दिशा दी और हिंदी भाषा के लिए भी वह एक दृढ़ सेनानी के रूप में जाने जाते हैं। जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र को समाजवाद की चलती-फिरती पाठशाला कहा जाता था। वे डॉ. राममनोहर लोहिया के सच्चे अनुयायी थे और उन्होंने अपने घर पर लोहिया के लोग का बोर्ड लगवाया हुआ था। उनका निवास स्थान आज भी समाजवादियों के लिए आस्था का केंद्र है। वे देश के उन गिने-चुने नेताओं में थे, जिन्होंने विचारधारा से समझौता नहीं किया और अपनी पूरी जिंदगी संघर्षों में बिताई। जनेश्वर मिश्र जयंती श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे गोवा, बिहार, मेघालय और जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहे श्री सत्यपाल मलिक जी का निधन की सूचना मिलने पर उनके लिए दो मिनट का मौन रख शोक व्यक्त किया श्रद्धांजलि अर्पित कर जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने अत्यंत दु:खद प्रकट किया और कहा ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं। भावभीनी श्रद्धांजलि ! कार्यक्रम में नाजिम अली, फुरकान अली, योगेंद्र यादव, वेदप्रकाश सैनी,प्रदीप यादव, वी.के. सैनी,क़ासिमुल हक,नरेश शर्मा, संजीव चौधरी, प्रेमबाबू बाल्मीकि,लुकमान खान सुरेंद्र शर्मा,शंकरलाल सैनी,मनोज यादव,जहांनउल्ला खान,जैनुल अबेदिन, कामुद्दिन सैफी, मो राशिद, हनी यादव,फाजील मलिक, सरदार सिंह पाल,प्रवीण सैनी,वीरेंद्र प्रसाद आदि मुख्य थे

# सुभाष नगर में 90 साल पुरानी बिल्डिंग गिरी राहगीर बाल-बाल बचे

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। सुभाष नगर क्षेत्र के खालसा स्कूल की गली में मंगलवार सुबह 90 जर्जर बिल्डिंग गिर पड़ी। हादसा हुआ। गनीमत यह रही आसपास मौजूद लोग गए, जिससे एक बड़ा मिली जानकारी के बिल्डिंग के पीछे इमारत प्रीतम लाल अब अपने नए मकान साल पुरानी एक अचानक भरभराकर करीब सुबह 9 बजे कि हादसे के वक्त बाल-बाल बच नुक़सान टल गया। अनुसार खन्ना स्थित यह पुरानी खुराना की है, जो में रहते हैं। मिट्टी और सुर्खी से बनी यह बिल्डिंग वर्षों से बंद पड़ी थी और काफी जर्जर हो चुकी थी। स्थानीय लोगों के अनुसार लगातार हो रही बारिश के चलते दीवारें कमजोर हो गई थीं। रहवासियों ने इस खतरे की जानकारी पहले ही मकान मालिक को दी थी। हादसे के वक्त पास में ही रहने वाले राजू खुराना और उनकी पत्नी बबीता खुराना गली से गुजर रहे थे। अचानक मलबा गिरा, लेकिन सौभाग्य से दोनों सुरक्षित बच गए। बबीता उस समय घर के बाहर थीं, जिससे जान बच गई।



# तीन दिन से हो रही बरसात से कई इलाकों में घुटने पानी से जनजीवन अस्त व्यस्त

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। देर रात से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला मंगलवार सुबह भी जारी रहा और लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया। इस दौरान रुक-रुक कर हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई मोहल्लों की सड़कों पर जलभराव हो गया था। अधिकांश जगहों पर लड़खड़ा गई। प्रमुख सड़कों से सरकारी कार्यालयों में पानी भर दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण स्मार्ट सिटी के आ गया। कई इलाकों में नाले इसके चलते सुबह लोगों को सामना करना पड़ा। कई इलाकों अधिक परेशानी पुराना शहर, मुंशी वाटिका कॉलोनी, आजमनगर, जलनिकासी की व्यवस्था लेकर मोहल्ले, बाजार और गया है, जिससे लोगों को काफी लगातार तीन दिन से हो रही ड्रेनज सिस्टम का सच सामने उफनाने से जलभराव हो गया। आफिस जाने में परेशानियों का में घरों में पानी घुस गया। सबसे नगर, सिकलापुर, रामायण कालीबाड़ी, डीडीपुरम, रहपुरा चौधरी, इज्जतनगर, सुभाषनगर पुलिया, दुर्गा नगर, कुतुबखाना, सुभाषनगर मार्केट, सिटी स्टेशन रोड, पशुपतिनाथ मंदिर रोड, हजियापुर, नवदिया, मढ़ीनाथ मंदिर मार्ग, मलूकपुर, जसौली, किला, आनंद विहार कालोनी, सनराइज कालोनी, आशुतोष सिटी सन सिटी, आकांक्षा इंक्लेव आदि इलाके जलमग्न हो गए हैं। स्मार्ट सिटी के विभिन्न जगहों पर पानी भरने के कारण सोमवार को दिन कई लोगों ने सोशल मीडिया पर स्मार्ट सिटी को वॉटर सिटी कहकर ट्रोल किया। लोगों ने कहा कि पांच करोड़ रुपये से नाला सफाई के बाद भी यह हाल है। जल निकासी की व्यवस्था नहीं है। इसको लेकर लोगों में सिस्टम के प्रति रोष है।



प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# सीएम योगी आज आयेंगे बरेली हजारों युवाओं को मिलेगी नौकरी, मेधावियों को मिलेंगे टैबलेट

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। नगर निगम के चार कार्यों का शिलान्यास और एक का लोकार्पण किया जाएगा। इससे आसान होगा। रफ्तार मिलेगी। सीएम ग्रिड करोड़ रुपये अकेला प्रोजेक्ट आवागमन विकास को शिलान्यास योजना का 45 लागत का है। सीएम ग्रिड योजना में कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप से जीआरएम स्कूल होते हुए कुदेशिया फाटक और कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप से सूद धर्मकांटे तक सड़क के साथ जलनिकासी व्यवस्था से जुड़े काम भी होंगे। संचार और बिजली की लाइनें भूमिगत हो जाएंगी। इसके अलावा, वार्ड- सात राजीव कॉलोनी में गली नंबर चार, पांच, सात, आठ और 21 तथा पटेल बिहार की एसपीएस स्कूल को जाने वाली सीसी रोड के साथ वार्ड 56 में भी सीसी रोड और नालियों के हुए कामों का लोकार्पण होगा। वार्ड 32, 22, 56 में हुए विकास कार्यों का भी सीएम लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री की जनसभा स्थल पर रोजगार मेला भी लग रहा है। इसमें निजी क्षेत्र की 100 कंपनियों को आमंत्रित किया गया है। 10 हजार अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। इसमें छह हजार रिक्त पदों पर चयन की कार्रवाई होनी है। मेले में जिले के सभी आईटीआई और कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षित और नियोजकों को रोजगार मेले में बुलाया गया है। मुख्यमंत्री से पहले वित्त मंत्री और जिला प्रभारी मंत्री आएंगे बरेली मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंत्रियों का आगमन आज से शुरू होगा। मंगलवार को सहकारिता विभाग, जिला प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर और बुधवार को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बरेली आएंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार रात आठ बजे प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर सर्किट हाउस पहुंचकर भाजपा जिला, महानगर और आंवला के जिलाध्यक्ष के साथ बैठक करेंगे। बुधवार को बरेली कॉलेज में प्रस्तावित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ रहेंगे। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना छह अगस्त सुबह दस बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे।



# मा. मुख्यमंत्री जी के बरेली आगमन के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के बरेली दौरे के दृष्टिगत आज @adgzonebareilly, @dmbareilly एवं #SSPBareilly द्वारा कार्यक्रम स्थल का गहन निरीक्षण किया गया तथा सुरक्षा व्यवस्था का संपूर्ण जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी में नियुक्त पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए एवं सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने हेतु ब्रीफिंग की गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी), अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी), अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात) सहित जनपद बरेली के विभिन्न प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही बरेली जोन के अंतर्गत अन्य जनपदों से आए पुलिस के राजपत्रित अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने भी इस निरीक्षण में सहभागिता की। प्रशासन एवं पुलिस द्वारा मा. मुख्यमंत्री जी के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आगमन हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण की जा रही हैं।





# चोरों ने मकान से समेटा माल, सुबह मचा डकैती का शोर, दर्ज कराई चोरी की रिपोर्ट

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। बारादरी थाना क्षेत्र के संजय नगर में रविवार रात तीन बजे एक घर से चोरों ने माल समेट लिया। घटना के वक्त घर में केवल महिला और दो बच्चे मौजूद थे। परिवार के पुरुष सदस्य कांवड़ यात्रा में जल लेने हरिद्वार गए थे। संदिग्ध लगा तो रात में चोरी की तहरीर पर रिपोर्ट लिखी गई। संजय बारादरी पुलिस को तहरीर दी कि वह गंगाजल लेने कांवड़ लेकर देखा कि कुछ लोग उनके घर से निकलकर भाग रहे हैं। अंदर कमरे बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि कैमरों की रिकॉर्डिंग ठीक बगल में उनके साले का मकान है। मकान में उनके एक और हुआ है। इससे यह घटना संदिग्ध लग रही है। यह भी पता चला कि धर्मेंद्र के यहां रखे थे जो गायब हुए हैं। भांजे ने मामला संदिग्ध बताते हुए परिवार के लोगों पर ही चोरी का आरोप लगाया है। शुरू में डकैती की शिकायत की गई, पुलिस को जांच में घटनाक्रम नगर के गोसाईं गोटिया इलाके के निवासी धर्मेंद्र ने सोमवार रात हरिद्वार गए थे। रविवार रात तीन बजे उनकी पत्नी ने आहट सुनी तो में जाकर देखा तो सब सामान बिखरा पड़ा था। मामा पर ही शक जताया को देखा तो पाया कि दो व्यक्ति मुंह ढककर जा रहे हैं। धर्मेंद्र के घर के रिश्तेदार भी रहते हैं। दोनों लोगों का आवागमन एक से दूसरे मकान में धर्मेंद्र के भांजे की शादी होने वाली थी और उसके भी कुछ आभूषण



## अधिक पानी में जाने से बचे लोग कोई समस्या हो तो जरूर अवगत कराये पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता

क्यूँ न लिखूँ सच / पवन कुमार/ कोंच(जालौन) नगर में दो दिनों से हो रही बारिश से नगर क्षेत्र में हर तरफ पानी ही पानी दिखाई दे रहा है और नहर भी पूरी तरह से ओवर फ्लो चल रही है और पानी बरसने के कारण इलाके जल मग्न होते चले जा रहे है इस सम्बन्ध में नगर पालिका परिषद कोंच अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया है कि इस बारिश होने के चलते पानी आ गया है और मैंने नगर का निरीक्षण किया है अभी बाढ़ जैसी स्थिति नहीं है और कुछ इलाके में पानी अधिक है ई ओ को अवगत कराया गया है और नगर पालिका इस बारिश को लेकर पूरी तरह। से सक्रिय और सतर्क है हर क्षेत्र में कड़ी नजर रखी जा रही है उन्होंने आम जनता से अपील की है कि इस बारिश के पानी में न जावे इसे खेल न समझे और अपने घरों में ही रहे किसी तरह की कोई समस्या हो तो पालिका प्रशासन या मुझे अवगत कराये ताकि समय से समस्या का हल हो सके उन्होंने बताया है इस बारिश के अधिक पानी को लेकर एसडीएम को अवगत करा दिया गया है उन्होंने बताया है कि पड़ोसी जनपद झांसी के करई बांध के पटिए खुलने से यह अधिक पानी आ गया है उन्होंने बताया है कि नगर के किसी भी नागरिक को इस बारिश में अपने मकान में रहने की यदि कोई परेशानी है तो पालिका द्वारा सेल्टर होम खोला गया है जिसमें लोगों की सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जायेगी उन्होंने कहा कि पालिका प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और इस बारिश के पानी को लेकर नजर रखे हुये है



## शामली में महिला प्रधान का छलका दर्द दबंगो पर प्लांट कब्जाने और झूठे मुकमे मे फसाने की साजिश का आरोप एडीएम से लगाई गुहार

क्यूँ न लिखूँ सच / राकेश गुप्ता/ शमली उत्तर प्रदेश के जनपद शमली में एक महिला ग्राम प्रधान ने कुछ दबंगो पर अपने चचेरे ससुर के पलट पर जबरन कब्जा करने कोर्ट के स्थगन आदेश स्ट्रे की अवहलना कर अवैध निर्माण करने और खुद ही निर्माण गिर कर उनके परिवार पर झूठा आरोप लगाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है पीड़िता ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपर जिलाधिकारी एडीएम से इस संबंध में शिकायत की एडीएम सत्येंद्र कुमार ने मामले की जांच कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बलवा की ग्राम प्रधान रेनू चौहान गांव की अन्य महिलाओं के साथ शामली कलेक्ट्रेट पहुंची उन्होंने एडीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके चचेरे ससुर स्वर्गीय रामदास जो दिव्यांग और अविवाहित थे उन्होंने पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के पास के ही शहजाद नामक व्यक्ति से 277 गज का प्लाट खरीदा था इसी खसरा नंबर में कस्बा कांधला निवासी हाशिम ने भी 220 गज का प्लाट खरीदा है जो की अलग दिशा में स्थित है और जिसमें हाईवे का जिक्र नहीं है ग्राम प्रधान का कहना है कि इसी भूमि को लेकर विवाद के बाद उनके चचेरे ससुर ने कैराना न्यायालय में वाद दायर किया था कोर्ट ने उनके पक्ष में स्थगन आदेश पारित करते हुए किसी भी प्रकार की दखलंदाजी से रोक लगा दी थी जो अभी भी प्रभावित है ग्राम प्रधान का आरोप है कि इसके बावजूद विपक्षी गणों ने रात के अंधेरे में प्लांट की नींव को क्षतिग्रस्त कर अवैध निर्माण शुरू करवा दिया यही नहीं बाद में खुद ही उसे निर्माण को गिरा दिया और आरोप ग्राम प्रधान व उनके परिवार पर मढ दिया उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब उनकी राजनीतिक छवि धूमिल करने और उनके पति व ससुर को झूठे मुकदमे में फसाने के इरादे से किया गया महिला प्रधान ने एडीएम से मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए और उनके परिवार को झूठे मामले से बचाया जाए साथ ही उन्होंने अपने चचेरे ससुर के प्लांट को अवैध कब्जे से मुक्त करने की मांग की है



## ग्राम प्रधान ने राज्यमंत्री गड्ढामुक्त सड़क के निर्माण को लिखा पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच / हाल ही में केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद की गाड़ी के कीचड़ में फंसने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। इसी क्रम में अमरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत दियोरनियां में सदरपुर तक जाने वाले मार्ग पर ढाई सौ मीटर मार्ग की स्थिति अत्यंत दयनीय है। ग्राम प्रधान दियोरनियां मंगली प्रसाद ने राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार को दिए पत्र में बताया है कि वर्ष 2003 2004 में मंडी समिति द्वारा फरदिया पुल से ग्राम दियोरनियां होते हुए ग्राम सद्दरपुर तक जाने वाले मार्ग का निर्माण कराया गया था। वर्तमान में इस मार्ग में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं इस मार्ग पर स्थित ग्राम दियोरनियां के आबादी भाग में सावन कृपाल पूर्व माध्यमिक विद्यालय से मंदिर तक लगभग ढाई सौ मीटर मार्ग की स्थिति अत्यंत दयनीय है। इस भाग में अत्यधिक गड्ढे हो गए हैं बरसात के दिनों में इस मार्ग पर आवागमन अत्यधिक दुष्कर हो जाता है। जनहित में इस मार्ग का पुनर्निर्माण कराया जाना वह ग्राम दियोरनियां के आबादी भाग में आईसीसी अथवा इंटरलॉकिंग कार्य कराए जाना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए इस मार्ग का जल्द से जल्द निर्माण करना सुनिश्चित करें। गड्ढा युक्त सड़कों को लेकर ग्रामीणों में रोष है?। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द मार्ग के पुनरुद्धार की मांग की है। उक्त सड़क पर स्थित विद्यालय की कारण छात्र-छात्राओं को भी विद्यालय आने-जाने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



## 1 नफरत अभियुक्त गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / शैलेन्द्र कुमार पांडेय / पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बहराइच के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम के दृष्टिगत चलाये गये अभियान के तहत जनपद बहराइच में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी महसी महोदय के निर्देशन में थानाध्यक्ष श्री त्रिलोकीनाथ मौर्या थाना बौण्डी जनपद बहराइच के कुशल नेतृत्व में मु0अ0सं0 151/25 धारा 64(1), 137(2) BNS व ङ पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त अरमान पुत्र हसन निवासी संगवा थाना बौण्डी जनपद बहराइच को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बहराइच रवाना किया गया।



## रक्षाबंधन पर सर्किल जेल शिवपुरी सहित अधीनस्थ जेलों में बंदियों से खुली मुलाकात की अनुमति, दिशा-निर्देश जारी

क्यूँ न लिखूँ सच / शिवपुरी। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सर्किल जेल शिवपुरी एवं अधीनस्थ जिला जेल गुना, अशोकनगर, श्योपुर तथा उपजेल पोहरी, कोलारस, पिछोर, करैरा एवं चांचौड़ा में निरुद्ध बंदियों से 9 अगस्त को खुली मुलाकात की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में सर्किल जेल शिवपुरी के जेल अधीक्षक द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों के अनुसार, पुरुष बंदियों से राखी बांधने हेतु केवल महिला परिजन एवं 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों को ही जेल परिसर में प्रवेश दिया जाएगा। मुलाकात का समय प्रातः 9-30 बजे से दोपहर 2-30 बजे तक निर्धारित किया गया है। प्रत्येक बंदी से अधिकतम 10 मिनट की मुलाकात की अनुमति दी जाएगी। समय पूर्ण होने पर मुलाकाती परिजनों को स्वयं जेल परिसर से प्रस्थान करना होगा। मुलाकात के लिए आने वाले परिजनों को वैध पहचान पत्र-जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र या पैन कार्ड में से कोई एक अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। प्रवेश से पूर्व पर्स, मोबाइल, नकद रुपये आदि सामग्री बाहर छोड़नी होगी, क्योंकि इनका जेल परिसर में ले जाना प्रतिबंधित है। किसी भी सामान के खो जाने की स्थिति में जेल प्रशासन जिम्मेदार नहीं होगा। मुलाकात के दौरान केवल 250 ग्राम मिठाई जैसे गजक या सोनपापड़ी ले जाने की अनुमति दी गई है। पका हुआ भोजन अथवा कोई अन्य खाद्य सामग्री अंदर ले जाना पूर्णतः वर्जित है। राखी बांधने के लिए पूजा की थाली (जिसमें हल्दी, कुमकुम, चावल आदि सामग्री होगी) जेल प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। परिजन साधारण राखी स्वयं लेकर आएं। बंदियों से मुलाकात हेतु आने वाले सभी परिजन (विशेष रूप से बहनें) को एकत्रित होकर समूह में मुलाकात करनी होगी। एक ही बंदी को बार-बार मुलाकात स्थल पर नहीं बुलाया जाएगा। साथ ही, बंदियों को नगद धनराशि देना सख्त मना है। ऐसा करते पाए जाने पर न केवल मुलाकात पर प्रतिबंध लगाया जाएगा, बल्कि संबंधित बंदी के विरुद्ध जेल अपराध भी दर्ज किया जाएगा। जेल प्रशासन ने सभी परिजनों से तलाशी प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग करने और किसी भी प्रकार का विवाद न करने की अपील की है। उल्लंघन की स्थिति में कानूनी अथवा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। रक्षाबंधन की व्यवस्था को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु निर्देशों का पालन अनिवार्य है।




## ब्लॉक मुख्यालय के पास जलभराव, से हो रही परेशानी

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रवस्ती। जिले में कई दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त है। एक तरफ सूखे की मार से धान की फसलों को भारी नुकसान हुआ तो वही दूसरी तरफ कई दिनों से रुक रुककर हो रही बारिश से किसानों के मुरझाए हुए चेहरों पर खुशी झलक रही है। इस बारिश की बात करें तो जिले की दर्जनों बदहाल सड़के आज लोक निर्माण विभाग की पोल खोल रही है। ब्लॉक मुख्यालय जमुनहा की सड़कों की हालत बद से बदतर है। ब्लॉक मुख्यालय तक पहुंचने के लिए मात्र एक सड़क छोड़कर सभी सड़कों पर चलने दूभर है। ब्लॉक मुख्यालय मेन गेट से वीरगंज चौक बाजार से होते हुए सीएससी मल्हीपुर, एल बी एस इंटर कालेज, कथरा बाजार को जाने वाली सड़क पर जलभराव की स्थित बनी हुई है। इस सड़क पर चलने वाले राहगीर वाहन चालक व बाजार में सामानों की खरीदारी के लिए आने वाले ग्राहकों को भारी मुसीबत झेलनी पड़ रही है जबकि पूर्व में बाजार वासियों के द्वारा कई बार तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर सड़क मरम्मत कराए जाने की मांग की गई. तो वही विधान सभा क्षेत्र भिनगा विधायक श्रीमती इंद्राणी वर्मा द्वारा आम लोगो की समस्या को देखते हुए सड़क मरम्मत कराए जाने की मांगपत्र शासन को भेजा, जिसपर विभाग द्वारा आश्वासन भी दिया गया परंतु इस बदहाल सड़क की मरम्मत तो दूर देखना भी मुनासिब नहीं समझा।

## योग: जीवन का संतुलन और स्वास्थ्य की चाबी

क्यूँ न लिखूँ सच / बिल्हौर (कानपुर)- सुबह का समय हो, पार्क की हरी घास पर ओस की नमी और खुली हवा में गूंजती सांसों की आवाज़ – यही दृश्य अब कई जगह देखने को मिल रहा है। योग, जो कभी केवल साधु-संतों तक सीमित था, आज आम लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन रहा है। सवाल यही है – आखिर क्यों? विशेषज्ञों का मानना है कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा का संतुलन है।

नियमित योग करने से न सिर्फ़ तनाव कम होता है, बल्कि डायबिटीज़, हाई ब्लड प्रेशर और मोटापे जैसी जीवनशैली की बीमारियों से भी बचाव संभव है। योग का महत्व शरीर को लचीला और मज़बूत बनाता है। मानसिक तनाव और चिंता को कम करता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। नींद की गुणवत्ता में सुधार करता है। योग प्रशिक्षक बताते हैं, लोग अब समझने लगे हैं कि दवा से ज़्यादा जरूरी रोकथाम है, और योग इससे बेहतर तरीका कोई नहीं।सरकारी और निजी स्तर पर भी योग को बढ़ावा दिया जा रहा है।21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शहर के स्कूलों, कॉलेजों और संस्थाओं में सामूहिक योग शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में लोग हिस्सा लेते हैं। क़स्बा के रहने वाले ओम प्रकाश कहते हैं, पहले योग को समय की बर्बादी समझते थे, लेकिन अब ये मेरी दिनचर्या का हिस्सा है। न सिर्फ़ स्वास्थ्य सुधरा है बल्कि जीवन में सकारात्मकता भी आई है। योग आज केवल स्वास्थ्य का साधन नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका बन गया है। सवाल यह नहीं कि इसे कब शुरू करें, बल्कि यह है कि और देर क्यों?

## भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, विधायक ने किया प्रसाद वितरण

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रद्युम्न कटियार/ कानपुर (बिल्हौर)। सावन मास के पावन अवसर पर खजुरी मार्ग के पास श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और सभी ने श्रद्धाभाव से प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर स्वयं उपस्थित होकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण करते नजर आए। उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और आस्था को प्रगाढ़ बनाते हैं। भंडारे में स्थानीय गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन समिति ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर देवेंद्र कटियार, शुभ्राशू कटियार, नरेंद्र कटियार, बब्लू अग्निहोत्री, संजय कटियार, गौरव कटियार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



### संक्षिप्त समाचार


## छोले भटूरे की दुकान पर प्रेमी जोड़े की जमकर पिटाई ,युवती को सड़क पर बाल पकड़ कर घसीटा

क्यूँ न लिखूँ सच / लवकुश ठाकुर /अलीगढ़ हाथरस -प्रेमी के साथ छोले भटूरे खाने पहुंचे युवती को देख भाई ने कर दी प्रेमी के साथ जमकर मारपीट,प्रेमी को पीटता देख बीच में आई युवती को भी भाई और अन्य साथियों ने बाल पकड़कर घसीटा और थप्पड़ों से उसकी जमकर पिटाई कर दी।वही इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, सूचना पहुंची पुलिस ने 4 लोगो को लिया हिरासत में,कोतवाली हाथरस गेट क्षेत्र के राममंदिर के पास की घटना।




## ऊन मे बायपास मार्ग पर झाड़ू की दुकान में अचानक आग लगने से लाखों रुपए का हुआ नुकसान

क्यूँ न लिखूँ सच / राकेश गुप्ता/ ऊन- शामली-गत रात्रि बायपास मार्ग पर झाड़ू की दुकान में अचानक आग लग गई जिससे दुकानदार का लाखों रुपए का नुकसान हुआ है पुलिस व फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया । बायपास मार्ग पर काशीराम आवास कॉलोनी के पास गांव पिंडोरा निवासी आदेश कुमार पुत्र राजकुमार की झाड़ू की दुकान है गत रात्रि करीब 9 बजे दुकान में अचानक आग लग गई दुकान से धूआ निकलता देख आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस व फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची तथा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू किया गया लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है पीडित ने पुलिस चौकी में तहरीर दी है आग लगने से दुकानदार को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।





## पहाड़ों पर हो रही मूसलाधार बारिश से राप्ती नदी उफान पर

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती में दो दिन से रुक-रुक कर हो रही बारिश के साथ साथ नेपाल के पहाड़ियों पर बारिश के चलते राप्ती नदी उफान पर है। शाम 4-00 बजे राप्ती नदी का जलस्तर 127.70 से बढ़कर 128. 40 पर पहुंच गया जो खतरे के निशान से 70 सेंटीमीटर अधिक है। राप्ती नदी के बढ़ते जलस्तर को लेकर नदी के किनारे बसे गांव के ग्रामीणों में चिंता बढ़ने लगी है। ऐसे में जिला अधिकारी श्रावस्ती अजय कुमार द्विवेदी द्वारा लोगों को सतर्क रहने, बाढ़ राहत हेतु बनाई गई बाढ़ चौकियों पर तैनात अधिकारियों को अलर्ड रहने तथा कलेक्ट्रेट में बने कंट्रोल रूम पर पल-पल की जानकारी देते रहने की बात कही है। की है

## मार्ग दुर्घटना में मामा भांजे की मौत

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती मार्ग दुर्घटना में मामा भांजे की मौत, टीका कारण की गाड़ी ने मारी जोरदार टक्कर। सिरसिया थाना क्षेत्र के सोनवणी के पास टीका वाहन ने भिनगा कोतवाली क्षेत्र के गोठवाअहिरन पुरवा निवासी राजेश 30 वर्ष अपने भांजे कृष्णा06 वर्ष जल चढ़ाने बाइक विभूति नाथ मंदिर गए हुए थे। वापस लौटते समय सामने से टीका करण वाहन ने ठोकर मार दिया जिससे कृष्णा की मौके पर मौत हो गई वही राजेश का इलाज के दौरान मौत हो गई। वही पीछे सवार बैठे युवक का इलाजअस्पताल में चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर शव विच्छेदन हेतु मर्चरी हाउस भिनगा भेज दिया है।

## सहकारी समिति पर खाद न मिलने से किसान परेशान

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। विकास खंड जमुनहा के ग्राम पंचायत हरदत्त नगर गिरन्ट में साधन सहकारी समिति पर डाई व यूरिया खाद न होने से किसान परेशान है। लोगों ने बताया कि सबसे बड़ी ग्राम पंचायत हरदत्त नगर गिरन्ट है फिर भी खाद की किल्लत है किसानों को सरकारी सुविधाओं का लाभनहीं मिल पा रहा है। जबकि इस समय यूरिया व डाई की सख्त जरूरत है। खाद लेने के लिए सुबह पहुंचे लोग लेकिन उन्हें बिना खाद वापस लौटना पड़ता है। समिति पर खाद न होने के कारण मजबूरी में किसान प्राईवेट दुकानों से मंहगे रेट पर उर्वरक खरीदने को मजबूर होते है।

